ૐકાર ફાઉન્ડેશન ટ્રસ્ટ
"માનવસેવા એ જ ઈશ્વરસેવા"
ॐकार फाउण्डेशन ट्रस्ट

वर्ष-4 अंक : 37

सहयोग शुल्क : रु. 1 / जनवरी : 2020

# दिव्यांग सेतु

संपादक :- संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई





"दिव्यांग का अर्थ शारीरिक दुर्बलता नहीं बल्कि मानसिक अपंगता है।
यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी अवरोध हमारा मार्ग अवरुद्ध नहीं कर सकता है।"
– प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी

"जो अपने कदमों की काबिलियत पर विश्वास रखते हैं,
वो ही अक्सर मंजिल पर पहुँचते है।"
– संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई



# निरामय हेल्थ पॉलिसी

## पात्रता

- केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही यह पॉलिसी सेरेबल, पाल्सी, ऑटिज्म, मेन्टल रिटार्डेशन, मल्टिपल डिसेबिलिटीसे असरग्रस्त दिव्यांगो को मिल सकती है।
- ४०% अथवा उससे अधिक दिव्यांगता से असरग्रस्त व्यक्ति को इस पॉलिसी का लाभ मिल सकेगा।
- रू. २५०/- बी.पी.एल. एवं रु.५००/- ए.पी.एल. दिव्यांगो के लिए सिंगल प्रीमियम

## लाभ

रु. १,००,०००/- तक का इंश्योरेंस मिल सकता है।
(निर्धारित किए हुए फंड के अनुसार)

**यह प्रीमियम ॐकार फाउन्डेशन द्वारा भरा जाएगा**

## आवेदन-पत्र के साथ जमा किए जाने वाले प्रमाण-पत्र/दस्तावेज

### सिविल सर्फर का दिव्यांगता दर्शाता प्रमाण-पत्र

(ऊपर बताई गई चार बीमारियों में से किसी भी एक का उल्लेख प्रमाण-पत्र में जरुरी है)

वर्तमान की पासपोर्ट साइज़ फोटो
राशनकार्ड की प्रमाणित कोपी
निवास स्थान का प्रमाण (राशनकार्ड अथवा वोटिंग कार्ड)
बी.पी.एल. कार्ड (यदि बी.पी.एल. में आते हैं तो)
बैंक पासबुक की फोटो कोपी (बैंक IFSC कोड के साथ)



# संपादकीय

पहाड पर चडने नावा व्यक्ति झक कर चलता है। मगर उतरने वाला अकड कर उतरता है। और ऊंचाई पर जा कर अकड आ जाती है मतलब वो नीचे ही जा रहा है। यह अकड अभिमान का प्रतिक है। अभिमान वह दिव्यांगजनोको देखो जो कुछ कमी के बावजूद संघर्ष करते है। वह लोग ना फरियाद कर रहे है नाही मदद मांग रहे है। मगर हमारा कर्तव्य बनता है की हम उनके दर्द का हिस्सा बने और अपनी सामाजिक जवाबदारी का पालन करे।

हर किसी को
अपने ज्ञान का अभिमान होना चाहिए
मगर
अभिमान का कोई ज्ञान नहीं होता है।

हमारा प्रयत्न है की हम इन दिव्यांगजनों और आप के बीच एक माध्यम बन सके। आप पाठकों से निवेदन है की हमारी यह छोटी सी मुहीम में आप भी हिस्सा बने और यह 'साथी हाथ बढ़ाना' वाली मुहीम में हमारी मदद करे। इस पत्रिका के बारे में आप हमें प्रतिभाव भेज सकते है। हम आपके द्वारा दिए जाने वाले सुझाव या विचार को भी पत्रिका में प्रकाशित करेंगे। आप भी किसी दिव्यांगसेवी संस्था या व्यक्ति की जानकारी यह पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु भेज सकते है।


**दिव्यांग सेतु**
मासिक पत्रिका

दिसंबर : 2019, पृष्ठ संख्या : 16
वर्ष : 4 अंक : 37



**प्रेरणास्त्रोत और संपादक**

संतश्री ॐऋषि प्रितेशभाई

**सह-संपादक**

मिहिरभाई शाह

मो. 97241 81999

**संपर्क-सूत्र**

सेवा समर्पण फाउण्डेशन

ॐकार फाउण्डेशन ट्रस्ट (NGO)

Trust Reg. No. : E/20646/Ahmedabad

०१, ग्राउण्ड फ्लोर, आंगी एपार्टमेन्ट,

अन्नपूर्णा पार्टी प्लाट के सामने,

नया विकासगृह रोड, पालडी,

अहमदाबाद - ३८०००९

(मो.) 99749 55365, 9974955125



**मुद्रक**

**प्रिन्ट विज़न प्रा. लि.**

आंबावाडी बाज़ार, अहमदाबाद-6

Phone : 079 26405200

# खेल महाकुंभ में धोलका के दिव्यांग बच्चें जिल्ला कक्षा पर विजेता हुए

न्यु वे एज्युकेशनल एन्ड रूरल डेवलोपमेन्ट ट्रस्ट संचालित फ्रीडम डे केर सेन्टर, धोलका के दिव्यांग बच्चों ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित स्पेशियल खेल महाकुंभ में दिनांक ९ से ११ दिसंबर दरम्यान गुजरात विद्यापीठ में हिस्सा लिया। जिसमें पटनी वोरा सुहानाबानु म. युसूफ बोसी गेम में तीसरे क्रम पर, तेहमिनाबानु यासिनमिया शेख बोसी गेम ने दूसरे क्रम पर, मिस्त्री साक्षी योगेशभाई -१ की.मि सायकलिंग गेम में प्रथम क्रम पर, मकवाणा आकाश रमेशचंद्र -२०० मी. दौड़ में तीसरे क्रम पर और क्रिकेट टीम में सिलेक्ट हुए। इस तरह इन बच्चों ने धोलका शहर और संस्था का नाम रोशन हुआ।

इस स्पेशियल महाकुंभ में मिस्त्री साक्षी का सायकलिंग गेम में और मकवाणा आकाश का क्रिकेट टीम गेम में अमदावाद जिल्ला में चयन हुआ। जो आनेवाले समय में राज्य कक्षा पर खेलने जायेंगे। संस्था के प्रमुख भाविन परमार एवं संस्था के शिक्षकों ने खेलकुंभ में हिस्सा लेने वाले बच्चों को, जिल्ला कक्षा पर विजयी होने वाले बच्चों को और राज्य कक्षा पर चयन हुए बच्चों को धोलका शहर और संस्था के नाम को रोशन करने पर शुभेच्छाएँ दी।













# दिव्यांग बच्चोने स्पेशियल खेल महाकुंभ-२०१९ में हिस्सा लिया

राज्य सरकार द्वारा आयोजित स्पेशियल खेल महाकुंभ-२०१९ का आयोजन दिनांक ९ से ११ दिसंबर दरम्यान गुजरात विद्यापीठ में किया गया। इस खेल महाकुंभ में ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे केर संस्था के १३ बच्चों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में २ बच्चों ने हायर एबिलिटी और ११ बच्चों ने लोअर एबिलिटी में हिस्सा लिया और एक बच्चे ने क्रिकेट इवेंट में गांधीनगर स्थित जी एन एम यु -रायसण में हिस्सा लिया।






















# दिव्यांग के द्वारा दिव्यांग लोगो के लिए कार्यरत ज्योत फाउन्डेशन

दिनांक २२/१२/२०१९ इतवार का दिन अमदावाद शहर में दिव्यांग दिव्यांगों के लिए काम करने वाला एक संगठन, ज्योत फाउंडेशन के लिए एक खुशी का दिन बन रहा। संस्था की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर, संगठन के सदस्यों के लिए वैष्णव देवी मंदिर के पास मढ़ूली गार्डन रेस्तरां में स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया था। संस्थान के सदस्यों ने उसमें उत्साह से भाग लिया। उनमें से, साबरकांठा और अमरेली जिले के दिव्यांग सदस्यों ने यात्रा की कठिनाइयों का सामना कर के भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर जिन दिव्यांग सदस्यों ने अपने जीवन में दिव्यांगता भूल कर जीवन में कुछ हांसिल किया है ऐसे निष्ठा आनंद, समीर कक्कड़, केतन सिंघल और सोनल वसोया को ज्योत मोमेन्टो दे कर सम्मानित किया।

इसके साथ ही, ज्योत फाउंडेशन के सेवा ग्रुप के सहयोग से संगठन के १२५ ज़रूरतमंद सदस्यों को नए स्वेटर और जैकेट वितरित किए। श्री अश्विनभाई सिरोया के सहयोग से लाखेशभाई पटेल और ग्रुप ने गीत संगीत से दिव्यांगजनों का मनोरंजन किया। और संजयभाई मोदी (वॉइस ऑफ़ मुकेश) ने भी आकर्षक गाने सुनाए।

मढ़ूली गार्डन  रेस्तरां के आसीतभाई ने सुंदर प्राकृतिक वातावरण में स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ज्योत फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिबेन शाह (जो स्वयं ही ८५ % दिव्यांग हैं) ने ज्योत फाउंडेशन के सदस्यों, कार्यकर्ताओं और कार्यक्रम के योगदान कर्ताओं का धन्यवाद किया और दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भरता और स्वमानसह जीने में  मदद रूप होने के लिए समाज के अगेवानों को अपील की।

- ज्योत फाउन्डेशन, ज्योतिबेन (मो. **9898067778**)



# वोइस टू दिव्यांग

















# दिव्यांग बच्चो का मनाया गया जन्मदिन

ॐकार फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित ॐकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे-केर सेंटर के तलिमार्थी केतुन भावसार का जन्मदिन ४/१२/२०१९ को और दीप्तांशु का जन्मदिन २०/१२/२०१९ को केक काट के मनाया गया। संस्था द्वारा बर्थडे केक मंगवाया गया था। सब बच्चों ने केक खाने का आनंद उठाया। संस्था के प्रिंसिपल और शिक्षकोने एवं अभिभावकों ने इन दो बच्चो को जन्मदिन की शुभकामनाए दी।



# दिव्यांग बच्चोने मनाया गांधी आश्रममें विश्व दिव्यांग दिवस

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर गांधी आश्रम में सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में, विभिन्न संस्थानों के सभी दिव्यांग बच्चे अपने माता-पिता और शिक्षकों के साथ उपस्थित थे। जिसमें अहमदाबाद के नव नियुक्त कलेक्टर केके निराला साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में ओमकार दिव्यांग ट्रेनिंग डे केर सेन्टर के बच्चों ने भी भाग लिया। अंत में, गांधीबापू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम की एक झलक।












# गायत्री विकलांग मानव मंडलने मनाया विश्व विकलांग दिन

गायत्री विकलांग मानव मंडल के सहयोग से विश्व विकलांग दिन का आयोजन किया गया। सुबह चाय-नास्ता की व्यवस्था भी की गई थी। बाद में सभी करीब २०० दिव्यांग और निराधार, विधवा, त्यक्ता सभी को साडी का वितरण किया गया था। करीब १०० दिव्यांग भाई बहनों को स्वेटर और कम्बल देने का आयोजन किया गया था। दिव्यांग भाई बहनों को जीवन जरूरियात के हिसाब से स्कुल ड्रेस देने की व्यवस्था की गई थी। दिव्यांग भाई बहनों को व्हीलचेर, ट्राइसिकल, घोड़ी एवं स्टिक देने का भी आयोजन किया गया था। माता-पिता विहीन निराधार बेटियों को स्कुल ड्रेस का वितरण किया गया। आनेवाले समय में हमारा संकल्प है की हम ५०० बेटियों को मुफ्त में शिक्षण देंगे। इस संस्था के माध्यम से शिक्षादान और वस्त्रदान जैसे कार्य कर के मानव सेवा करने का अमूल्य अवसर मिल रहा है।











# गायत्री विकलांग मानव मंडल द्वारा चेक वितरण आयोजन

जीवन भारती विद्यालय में पढाई कर रहे गरीब, निराधार और माँ-बाप विहीन बच्चों की स्कुल की फ़ीस संस्था द्वारा दी गई। उसके अनुलक्ष में स्कुल को दिनांक १७/१२/२०१९ को चेक अर्पण किया गया। रुक्ष्मणीबेन जे शाह ने बताया की स्कुल के बच्चो को स्कुल ड्रेस, नोटबुक, स्कुल बेग, पेन, पेन्सिल, रबर जैसी शैक्षणिक किट दी गई। ऐसे और बच्चों को देने के लिए संस्था ने ऐसी किट तैयार की है।



















# वोइस टू दिव्यांग

स्मित चाइल्ड एज्युकेशन डेवलोपमेन्ट ट्रस्ट के दिव्यांग बच्चों के अंदर छुपी सुषुप्त शक्तिओं का विकास और शारीरिक विकास के हेतु सब बच्चों को बाग़ में ले जाकर आउटडोर प्रवृति की गई। बच्चों के प्रति प्रतियोगिता करवाई गई और उत्साहित बच्चों को और उत्तीर्ण बच्चो को इनाम दे कर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों के खाने का प्रबंध भी संस्था द्वारा किया गया।













# मंदबुद्धि बच्चों के लिए पिकनिक एवं रात्रि पड़ाव का महत्व

पिकनिक मतलब रोज की रूटीन लाइफ से अलग घूमना-फिरना, मौज-मस्ती।

जैसे सामान्य बच्चों के लिए पिकनिक जरुरी है ऐसे ही मंदबुद्धि बच्चों के लिए भी पिकनिक का महत्त्व है। पिकनिक में देखने लायक स्थान, धार्मिक स्थान, वोटर पार्क जैसी जगह समाविष्ट है।

हमारी संस्था में साल में एक बार १ दिन की पिकनिक, १ बार दो दिन की पिकनिक और एक रात्रि पड़ाव का आयोजन किया जाता है।

पिकनिक और रात्रि पड़ाव से बच्चों का सामाजिक विकास होता है। बच्चा माता-पिता बगैर अकेले और लोग के साथ रहना सीखता है। आनंद और ज्ञान प्राप्त होता है। अपनी जरुरियातो को दुसरे व्यक्ति के साथ व्यक्त करना भी सीखता है। दुसरो के साथ घुलमिल के रहता है और आनंदित होता है। कभी कभी जब माता-पिता को प्रवास या शादी के प्रसंग में बहारगाँव जाना हुआ तो यह अनुभव काम में आता है। बच्चा माता-पिता को हैरान नहीं करता। दूसरी जगह पर भी वो और लोग के साथ रह सकता है।

हमारी संस्था के हायपर एक्टिव बच्चे दो दिन की पिकनिक और रात्रि पड़ाव कार्यक्रम से आदि होने से चारधाम की एक महीने की यात्रा पर भी जा चूके है। लम्बी यात्रा कर के लौटे अभिभावकों ने हमे आ कर बताया की बच्चो ने कभी हमको हैरान नहीं किया। और वह लोगों को मिला हुआ आनंद देख के ऐसा लगता है की इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों काफी लाभ होता है। इसलिए ही इन बच्चों के लिए पिकनिक और रात्रि पड़ाव जरुरी है।

- श्री संदीप शाह
(पिकनिक इन्चार्ज)
(नवजीवन ट्रेनिंग सेन्टर)



# गायत्री विकलांग मानव मंडल



## संस्था का नवम समूह लग्नोत्सव का आयोजन

गायत्री विकलांग मानव मंडल द्वारा समूह शादी का आयोजन किया गया है। जिसमें गाँव में रहते शहर की बहार रहते या कोई महोल्ले के सभी गरीब बेटे एवं बेटी के पर्चे भरे जा रहे है। पर्चा भरने की आखरी तारीख ३० जनवरी है। समूह शादी दिनांक २२-०३-२०२०, रविवार त्रयोदशी के दिन निर्धारित की गई है। जिन बेटे-बेटियों की सगाई हो गई हो और समूह में शादी करने इच्छुक हो तो जल्दी से पर्चा भरने की विनंती है। पर्चा भरने के लिए जन्मतिथि का प्रमाण, आधारकार्ड, दो फ़ोटो और माता-पिता का आधारकार्ड साथ में लाना जरुरी है। आप किसी और जरूरियातमंद को भी यह कार्य में शामिल होने हेतु सूचित कर सकते है।

**टिपण्णी : यह शादी महोत्सव में दिव्यांग बेटे-बेटियां भी पर्चा भर सकते है।**
**सगाई करने इच्छुक बेटे-बेटियां भी पर्चा भर सकते है।**

बाल विधवा, त्यक्ता और तलाकशुदा बहनों के फॉर्म भी भरे जायेंगे।

दिव्यांगजन की शादी के बाद सरकारश्री की ओर से 50,000 राशि का लाभ मिलता है। तो आपके आस-पास रह रहे दिव्यांगजनों को यह महोत्सव के बारे में सूचित कर के पर्चा भरने की विनंती।

खुद की बेटी का दान तो सब करे लेकिन गरीब निराधार बेटियों का कन्यादान करोगे तो हजार गुना पूण्य मिलेगा।

जनता को सूचित किया जाता है की यह समूह शादी में जुड़ने हेतु अपने आसपास के लोगों को या सगे सम्बन्धी या पहचान वालों से अनुरोध करे और भाग्यशाली बने। कन्यादान महादान है।

**ऐसे शुभ कार्य में साथ सहकार देने वालों का संस्था सम्मान करेगी।**

**-: पर्चा भरने का स्थल :-**

गायत्री विकलांग मानव मंडल, समा सावली रोड, उर्मि स्कूल के पास, वड़ोदरा

रुक्ष्मणिबेन जे शाह
9429757634 / 9265426582

रिंकूबेन पटेल
9081247091

# गायत्री विकलांग मानव मंडल

## संस्था का नवम समूह लग्नोत्सव का आयोजन

**शादी दिनांक : २२-०३-२०२०, रविवार त्रयोदशी**

**स्थल : समा सावली रोड, समा तलाव, उर्मि स्कूल के पास, लक्ष्मीबा पार्क, वड़ोदरा**

**बैंक : स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, समा**
**एकाउन्ट नंबर : 33456320461**

**आपका दिया हुआ दान इन्कमटेक्ष (80G) माफ़ी पात्र है ।**

www.GayatriViklangManavMandal Email : info@gvmm.org

**यह संस्था में इस के अतिरिक्त काफी सामाजिक कार्य किये जाते है, उसकी जानकारी हमारी वेब साइट पर मिलेगी।**

यह संस्था द्वारा नवम शादी महोत्सव का आयोजन किया है। शादी महोत्सव में कन्याओं को कन्यादान देने को इच्छुक भाई-बहनो अपना नाम जल्दी लिखवाए। खुद की बेटी का दान तो सब करे लेकिन गरीब निराधार बेटियों का कन्यादान करोगे तो हजार गुना पूण्य मिलेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १,मंगलसूत्र | ११, घडी (दीवार) | २१, छलनी | ३१,मसाला डिब्बा |
| २, नाक की नथ | १२, इस्त्री | २२,कीप | ३२,रोटी का डिब्बा |
| ३, पायल | १३, पानी की टंकी (स्टील) | २३,छोटा चिमटा | ३३, कप तश्तरी |
| ४, पाँव की अंगूठी | १४, पानी का घड़ा (स्टील) | २४, बड़ा चिमटा | ३४, चीनी-चाय के डिब्बे |
| ५, अलमारी | १५, स्टील की बाल्टी | २५, चाकू | ३५, जार |
| ६, चारपाई | १६, परात | २६, कढ़ाई | ३६, बेटी का पानेतर |
| ७, गद्दा | १७, थाली | २७, जग | ३७, कूकर |
| ८, चद्दर | १८, कटोरी, | २८, झारा | ३८,पूजा के लिए दिया |
| ९,तकिया | १९, ग्लास | २९, गीता | ३९,अगरबत्ती स्टेण्ड |
| १०,पंखा | २०, चमच | ३०, मूर्ति | ४०, बड़ा चमचा |

**समूह शादी महोत्सव में जो बेटी माता-पिता नहीं है तो उन बेटियों को कन्यादान करने इच्छुक धर्म के माता-पिता बनने हेतु अपना नाम, पता लिखवाने की विनती है ।**

इतनी चीज वस्तुए शादी कन्यादान में दी जाएगी। इस शादी में डी.जे के साथ धामधूम से बारात का आयोजन किया गया है। दानवीर दाताओं को नम्र विनंती है की कन्याओं को कन्यादान करें। नवपरणित को आशीर्वाद देने आने निमंत्रण है। उन कन्याओं की लाखों दुआए आपको मिलेगी।

**रुक्ष्मणिबेन जे शाह**
**9429757634 / 9265426582**

**रिंकूबेन पटेल**
**9081247091**

ॐकार फाउण्डेशन ट्रस्ट

# ॐकार फाउन्डेशन ट्रस्ट

(N.G.O.)

संचालित

# ॐकार दिव्यांग ट्रेनींग डे-केर सेन्टर

## मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क तालीमी संस्था

**शाला में प्रवेश के लिए संपर्क करे**

सुमेल ५, हाउस नं.: 48/डी, बिझनेश पार्क,
चामुंडा ब्रीज कोर्नर, असारवा,
अहमदाबाद-380 016
मो. : 99749 55125, 99749 55365

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर